## खबर संक्षेप

### हरामखाऊ सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**छिंदवाड़ा।** शहर का मशहूर हरामखाऊ सम्मेलन इस साल होलिका दहन की पूर्व संध्या पर 23 मार्च 2024 को दशहरा मैदान में आयोजित होगा। 36 वां विशाल हराम खाऊ सम्मेलन शाम 7 बजे से शुरू होगा। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक हेमंत जैन व प्रकाशक सौरभ ठाकुर ने बताया कि अपने जिले के नहीं बल्कि प्रदेश और देश में हराम खाऊ सम्मेलन विख्यात है। हास्य व्यंग्य और होली के रंग में रंगे इस अनोखे कार्यक्रम को अपनी परंपरा अनुसार और रोमांचक रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था होगी। हराम खाऊ सम्मेलन समिति ने बताया कि इस साल छिंदवाड़ा शहर में हंसी के फव्वारे बरसाने के लिए लाफ्टर चैलेंजर के विनर राजा रैंचो आ रहें हैं, जिनका निराला अंदाज देखकर सम्मेलन में आने वाले दर्शक मुस्कुराने पर मजबूर हो जाएंगे।

### आज 2 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

**छिन्दवाड़ा।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिये आज विनोद पाठक द्वारा निर्दलीय और उमाकांत द्वारा बहुजन समाज पार्टी से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया ।

### सार्वजनिक अवकाश पर भी खुले रहे कार्यालय

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किये जाने और आचार संहिता तत्काल प्रभावशील होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के केन्द्र एवं राज्य शासन के सभी संस्थानों के विभाग प्रमुखों/कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालय सार्वजनिक अवकाश के दिन भी खुले रखने के आदेश जारी किये गये हैं ।

### तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ने कर रखा था इस उप संभाग को अपने कार्यालय में हैंग

# आरईएस उप संभाग कार्यालय आचार संहिता निर्देशों का नहीं कर रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही । आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिसमें जिला रिटर्निंग ऑफिसर आचार संहिता का पालन कराने के लिए अपने अधीनस्थ अमले को, आचार संहिता का पालन करवाने की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा की है। कर्मचारियों अधिकारियों को मुख्यालय पर रहना एवं चुनाव से संबंधित कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं । साथ ही शत प्रतिशत मतदान करवाने हेतु मैदानी अमले को मतदाताओं को जागरूक करने निर्देशित किया गया । लेकिन तामिया क्षेत्र के मैदानी कर्मचारी निर्वाचन आयोग के तहत पालन किए जाने वाले नियमों की अनदेखी कर मुख्यालय पर पूर्व की तरह नहीं पहुंच रहे। और चुनाव आयोग के निर्देशों का खुला उल्लंघन,करने वालों में पंचायतों के सचिव, पटवारी, शिक्षक, नाकेदार सहित सभी कर्मचारियों का यही हाल है। लेकिन सबसे गंभीर मामला यह है। कि तामिया मैं, संचालित उप संभाग कार्यालय आर, ई, एस,, जो बरसों से कागजों में संचालित होता चला आ रहा है। सबसे हैरत करने वाली बात यह है। कि इसके अंतर्गत मनरेगा योजना से अरबो रुपए के निर्माण कार्य भी कागजों में चल रहे हैं। जो ईसी ऑफिस के माध्यम से संचालित भी हो रहे हैं। ऐसा इसलिए है। कि तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजीव सनोडिया ने इस ऑफिस को हैंग कर लिया था । और पूरा का पूरा डिवीजन ऑफिस से ही चल रहे थे। तो अंदाजा लगाया जा सकता है। कि शासन के आदेश , निर्देशों की कितनी खुली अवहेलना इस ऑफिस के माध्यम से की जा रही है। , इससे भी गंभीर बात यह है, कि इस ऑफिस में शासकीय दस्तावेज रिकॉर्ड भी यहां नहीं है। बे भी डिविजन ऑफिस में ही रखे हैं। केवल खाली कमरे है। जिसमें चार कुर्सी और एक निजी महिला कर्मचारी नियमित इसमें झाड़ू लगाती है। और कार्यालय खोलती है। वर्तमान में यहां पर धार जिले से तबादला होकर आए एसडीओ ललित वैद्या की लोगों को जानकारी है । कि वह यहां पर अनुविभागीय अधिकारी के रूप में नियुक्त हैं। , इस तरह आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन का यदि जिला कलेक्टर को नजारा देखना है । तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षा के बगल में खाली कमरे में कागजों में लगने वाला मीटिंग हॉल से लगा हुआ यह कार्यालय देखेंगे। तो उन्हें पता चल जाएगा । की चुनाव आचार संहिता का पालन किस तरह इस ऑफिस के द्वारा किया जा रहा है। और बरसों से कागजों में संचालित हो रहे इस कार्यालय को चलाने में विभाग के कार्य पालन यंत्रि पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। अब देखना यह है, कि यह कार्यालय विधिवत रूप से संचालित होगा। या फिर आचार संहिता के खुले उल्लंघन का उदाहरण ही बनेगा।

### 12 व्यक्तियों के विरूद्ध हत्या सहित डकैती का अपराध किया पंजीबद्ध

# डकैती सहित हत्या के जघन्य प्रकरण में आरोपीयों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

बहुचर्चित सारंगबहरी डकैती सहित हत्या के जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में आरोपीगण को कोर्ट ने आजीवन कारावास और1500-1500 रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है घटना दिनांक 25-7-19 की रात 9:00 बजे के करीब सारंगबहरी के पास ग्राम उमरिया के शिकायतकर्ता भीमराव पाठे एवं उसके परिवार जन खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गये। रात्रि करीब 1 बजे 10 12 लोग मकान के पीछे का दरवाजा तोडकर मकान के अंदर घुसकर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे हल्ला गुल्ला सुनकर प्रार्थी की पत्नि उठ गयी एवं उसके आवाज देने पर प्रार्थी के पिता एवं मां भागाबाई उसे बचाने के लिए आये उसी दौरान एक अभियुक्त के द्वारा प्रार्थी के पिता के साथ लोहे की राड एवं लाठी से मारपीट की गई इस दौरान बीच-बचाव करने प्रार्थी की मां भागाबाई आई तो अभियुक्तगण द्वारा उसके साथ भी लाठी एवं रॉड से मारपीट की गई। प्रार्थी के पिता को सिर पर गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी । अभियुक्तगण द्वारा प्रार्थी एवं उसकी मां के हाथ पैर बांधकर प्रार्थी की पत्नि एवं बेटे को कट्टा दिखाकर धमकाया गया और कट्टे की नोक पर अभियुक्तगण द्वारा प्रार्थी के घर की आलमारी से सोने चांदी के जेवर एवं घर पर रखे लगभग 100000 रूपये एवं प्रार्थी एवं प्रार्थी की पत्नि का मोबाईल लूटकर घर से भाग गए। प्रार्थी के द्वारा घटना के संबंध में रामचरण एवं बडे भाई को सूचना दी गई जिनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गई, तब पुलिस के द्वारा अज्ञात 10-12 व्यक्तियो के विरूद्ध हत्या सहित डकैती का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# मतदान केंद्रों के निरीक्षण पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा शुक्रवार को निगम सभाकक्ष में एक आवश्यक बैठक ली गई। इस बैठक में निगमायुक्त द्वारा विगत दिनों किए गए मतदान केंद्रों के भ्रमण दौरान दिए गए निर्देशों पर चर्चा की गई। आयुक्त ने मतदान केंद्रों में दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए प्रयुक्त की जाने वाली व्हील चेयर के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए साथ ही खराबी पाए जाने पर तत्काल सुधार करने के आदेश दिए। बैठक में निगमायुक्त ने मतदान केंद्रों में सफाई व्यवस्था, पेयजल विद्युत व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार रैंप बनवाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री राय ने बैठक में लंबित समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा की साथ ही इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने शहर में सफाई व्यवस्था एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित सभी शाखा प्रमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रामपेठ में 5 अप्रैल को भीम बुध्द महोत्सव

**सौंसर।** संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की 14 अप्रैल को मनाए जाने वाली जयंती समारोह को लेकर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बौद्ध अनुयायियों के द्वारा जोर-जोर के साथ में तैयारीया की जा रही है। संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर रामपेठ ग्रामवासियों की और से जयंती पर भीम जयंती महोत्सव के अंतर्गत 5 अप्रैल शुक्रवार को शाम 7 शिवाजी चौक राम पेट में संगीतमय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महाराष्ट्र के मशहूर गायक प्रबोधन कर विकास राजा एवं अश्विनी रोशन चंद्रपुर के द्वारा संगीतमय प्रबोधन किया जाएगा। आयोजन कमेटी की ओर से समस्त क्षेत्र वासियों को उपरोक्त आयोजन में शामिल होने को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।वही सौसर नगर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की और से पाँच दिवसीय कार्यक्रमों के साथ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का जन्मदिवस मनाया जा रहा है। गुरुवार 11 अप्रैल को शाम 7 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले जन्म दिवस,शुक्रवार 12 अप्रैल को विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, शनिवार13 अप्रैल की रात्रि 12 बजे डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक सौसर में विभिन्न कार्यक्रम के साथ में जन्मदिवस समारोह मनाया जाएगा। इसके अलावा 14 अप्रैल को मोटर साइकिल रैली,फल वितरण,शाम 5 बजे नगर में विशाल रैली निकाली जाएगी। 15 अप्रैल को शाम 7 बजे प्रबोधन एवं भी बुद्ध गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# आयुक्त ने किया मतदाताओं को जागरूक, दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर छिंदवाड़ा शहर में स्वीप गतिविधि के प्रभारी एवं नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने शुक्रवार को निगम अमले के साथ शहर के विभिन्न स्थानों में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आयुक्त वार्ड क्रमांक 24 के सोनपुर बस्ती एवं सोनपुर मल्टी में लोगो से चर्चा कर उन्हे चुनाव की तारीखों एवं वोट देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही वरिष्ठजनों को भी चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। निगम के स्वीप गतिविधि दल द्वारा स्लम बस्तियों के साथ ही पॉश इलाकों में भी मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस क्रम में निगम दल द्वारा सिग्नेचर सिटी के रहवासी कल्याण संघ से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी गई। लोगो को बिना किसी लालच में आकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। इस दौरान नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय , सहायक यंत्री विवेक चौहान, ब्रजेश पांडे, सीटी मैनेजर उमेश पयासी, सेवंती पटेल, राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त के निर्देश पर शहर में स्वीप गतिविधि लागतार आयोजित की जायेगी।

### शासकीय कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आज भारत निर्वाचन आयोग- निर्वाचन साक्षरता क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को



महाविद्यालय में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन में सेक्टर प्रभारी राजकुमार कुशवाहा ई.एल.सी प्रभारी डॉ विनोद कुमार नागले एवं सदस्य डॉ विमल कुमार कौशले डॉ सरिता पाल डॉ पुष्पा मौर्य श्री घनश्याम मालवीय, महाविद्यालय व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ प्रभारी श्री जितेन्द्र दिवाकर एवं बी एल ओ श्री शिव शंकर धुर्वे जी के द्वारा विद्यार्थियों जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उन्हें मतदाता परिचय पत्र बनवाए जाने वाली सभी प्रक्रियाओं (त्रुटि सुधार )को भी विस्तार से समझाया गया तथा लोकतंत्र में मतदाता की सर्वांगीण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ द्वारा मतदाता जागरूकता और प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों को जागरूक के लिए प्रेरित किया।

# गांगजीढाना के मकान में आग लगने से घर का सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

ग्राम पंचायत भरदी के गांगजी ढाना निवासी रोशन राजभोपा के मकान में अचानक आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि घर मालिक रोशन राजभोपा मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ था और पत्नी खेती के काम पर लगी हुई थी घर पर कोई नहीं था मकान में अचानक आग लगने के कारण आग भड़क गई और घर में रखा सारा सामान कपड़े राशन कीमती वस्तु आदि सभी सामान जलकर राख हो गया आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के लोग जमा हुए तब तक आग लगे मकान का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया था जबकि घर मालिक का काफी नुकसान हुआ है ग्रामीण जनों का कहना है कि राजभर परिवार के मुखिया को मुआवजा भी मिलना चाहिए।

# पुलिस ने जब्त की 20 पेटी अवैध देशी शराब

### दो आरोपियों को भी धरदबोचा, नाकों पर पुलिस कर रही वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



थाना अमरवाड़ा अन्तर्गत एसएसटी बैरियर सिंगोड़ी से 20 पेटी अवैध देशी शराब 180 बल्क लीटर एक बोलेरो गाड़ी सहित कुल कीमती मशरुका करीबन 6 लाख 70 हजार रुपये जप्त कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिहं के निर्देशन में छिन्दवाड़ा जिले में अवैध शराब/माद्यक पदार्थों की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब भण्डारण करने वालों के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले में विशेष अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर व थाना अरमवाड़ा टीम की मदद से थाना अमरवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर तन्त्र को सक्रिय कर सूचना प्राप्त हुई कि एक बुलेरो वाहन में अवैध शराब अमरवाड़ा से छिन्दवाड़ा की तरफ जा रही है जिसका पीछा कर एसएसटी बैरियर सिंगोड़ी में रोककर चैकिंग के दौरान बुलेरो वाहन MP51BB0523 में भारी मात्रा में शराब का होना पाया गया, जिसमें 10 पेटी प्लेन देशी शराब, 10 पेटी लाल मसाला शराब कुल 180 लीटर कीमती 67000 सामिल है। आरोपी वाहन चालक धर्मेन्द्र पिता मोतीलाल तिरोड़े उम्र 26 साल निवासी खीरेटी एवं अखलेश सल्लाम पिता पंचलाल सल्लाम उम्र 27 साल निवासी खमराअड़कु थाना अमरवाड़ा से पूछताछ कर वैध लायसेंस चाहा गया तो लायसेंस नही होना बताया गया। आरोपीगण का उक्त कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय होने से मौके पर उक्त अवैध शराब व बुलेरो गाड़ी को आरोपीगण से जप्त किया गया।तदोपरांत चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा पर आरोपीगण के विरुध्द अपराध क्र. 221/2024 धारा 34. 2आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कायम कर विवेचना में लिया गया।

# शांति एवं सौहार्द्र के साथ मनाए जाए सभी त्यौहार

### होली एवं रंगपंचमी को लेकर हुई थाना चौरई एवं कपूरदा चौकी में शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मनाए होली और रंगपंचमी का त्यौहार इसको लेकर चौरई के कपूरदा चौकी पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौरई थाना प्रभारी संजय भलावी ने क्षेत्रवासियों को शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को शाम 5 बजे कपूरदा चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चौरई थाना प्रभारी संजय भलावी,कपूरदा चौकी प्रभारी सावित्री बघेल ,क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी को शांति एवं भाईचारे से होली एवं रंगपंचमी का त्यौहार मनाने की अपील करते हुए क्षेत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विशेष स्थानों पर होलिका दहन और होली व रंगपंचमी के दिन सभी जगह पुलिस के जवान तैनात रहेंगे लेकिन सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए। त्यौहार के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा लाउडस्पीकर कोई तेज आवाज में नहीं बजाएं। और हुड़दंगियों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगीऔर हुडदंग मचाने वालों पर तत्काल कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे में कोई भी वाहन ना चलाएं, एक वाहन पर दो से ज्यादा लोग ना बैठे और हार्न का उपयोग कम से कम करें, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी ना हो साथ ही सभी लोग यातायात नियमों का पालन करे। वही थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी तरह के विवाद की परिस्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### सीएम राईज स्कूल की खिड़की में चढ़ गया धामन प्रजाति का सर्प

**दमुआ।** मंगलवार को दोपहर के समय एक धामन प्रजाति का सर्प जिसकी लंबाई लगभग 8 फुट थी जो कि सीएम राईज स्कूल के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल भवन कक्ष के कमरे की खिड़की में बैठा हुआ था, और कक्षा के अंदर घुसने का प्रयास कर रहा था कि अचानक किसी की नजर उस पर पड़ गई और तत्काल विद्यालय प्रबंधन को इसकी सूचना दी गई स्कूल प्रबंधन शिक्षक स्टाफ की सूझबूझ से सर्प निकालने की जानकारी सर्व मित्र राजू को दी गई जहां सर्पमित्र ने स्कूल पहुंचकर रेस्क्यू कर धामन सर्प को जंगल के एरिया में छोड़ दिया मिली जानकारी के अनुसार यह भी ज्ञात हुआ कि जिस कक्ष में सर्प प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था उस कक्ष में छोटे बच्चे अध्ययन करते हैं और स्कूल प्रांगण के आसपास में नाला व बड़ी-बड़ी झाड़ियां है जिसमें अक्सर बड़े-बड़े सर्प देखे जाते हैं नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान देकर स्कूल के आसपास झाड़ियां की सफाई करवानी चाहिए जिससे इस प्रकार की घटना की भविष्य में घटित ना हो।

### गंदगी जानवरों के आतंक से परेशान कॉलोनी वासी

# बेलगांव कॉलोनी में सड़क, नाली निर्माण की हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



नगर से लगी हुई कॉलोनी बेलगांव के निवासी इन दिनों गंदगी सड़क नाली पानी की निकासी आदि समस्याओं से परेशान हो रहे हैं। गजानन कॉलोनी से लगी हुई बेलगांव कॉलोनी में बड़ी संख्या में मकान का निर्माण हो चुका है। परंतु यहां पर निवास करने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं नसीब नहीं हो रही है जिसके चलते सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न समस्याओं पर इस कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।लंबे समय से इस कॉलोनी के निवासियों के द्वारा पक्की सड़क का निर्माण करने की मांग पंचायत एवं प्रशासन के साथी जनप्रतिनिधियों से की जा रही है।परंतु सालों से कॉलोनी वासियों की मांग को अनसुना किया जा रहा है। पक्की सड़क नहीं होने के चलते बरसात के दिनों में कॉलोनी वासियों को कीचड़ एवं दलदल से आवागमन करना पड़ता है। यहां पर नालियों की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी खुली जगह पर जमा होकर गंदगी का रूप ले रहा है। इसी गंदे पानी में मच्छर पनपकर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं।कॉलोनी में फैली गंदगी के कारण अक्सर आवारा जानवरों सुवरों का आतंक रहता है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर सिंगोड़ी में हुई बैठक

**सिंगोड़ी:** लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी बंटी साहू ने सिंगोड़ी मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान साहू ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ से 370 वोट प्लास की बारीकी बताई।भारतीय जनता पार्टी मंडल सिंगोड़ी की आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त बिशेष बेठक संपन्न हुई,बैठक में उपस्थित अतिथियों के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को विशेस दिशा निर्देश दिए गय, साथ ही युवा मोर्चा के नेतृत्व में सिंगोड़ी मंडल क्षेत्र पटनिया के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई बेठक में मुख्य रूप भाजपा लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू,महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक गंभीर चौधरी,विधानसभा प्रत्याशी मोनिका बट्टी, विधानसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी,युवा मोर्चा जिला महामंत्री गोपाल यदुवंशी, युवा जिला उपाध्यक्ष अनुज चौधरी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार,पुष्कुमार जैन,योगेश यादव,परसादी पटेल,कैलाश साहू एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## चारों थाना क्षेत्र में चल रहा रेत का अवैध कारोबार

# न्यूटन और शिवपुरी पुलिस ने पकड़ा अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



इन दिनों परासिया विधानसभा क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार जारी है । इसका प्रमाण हाल ही में न्यूटन और शिवपुरी पुलिस के द्वारा पकड़े गए अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों से होता है ।चुनाव का माहौल है। आचार संहिता लगी हुई है । विधानसभा की सीमाओं पर चैकिंग पॉइंट लगा दिए गए हैं, ताकि इस दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को कोई अंजाम न दे पाए , लेकिन इन सब का प्रभाव केवल आम जनमानस पर दिखाई पड़ रहा है , जबकि अवैध कारोबार करने वालों पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा , बल्कि आचार संहिता ऐसे लोगों के लिए मुफीद साबित हो रही है , क्योंकि वह जानते हैं , कि इस दौरान पुलिस और अन्य सारेअधिकाररियों का पूरा ध्यान चुनाव पर रहेगा । इसलिए लोग धड़ल्ले से रेत का अवैध तरीके से उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं जिसकी बानगी शुक्रवार को न्यूटन और शिवपुरी क्षेत्र में देखने को मिली । न्यूटन पुलिस ने एक ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 28 ए ए 5739 को अवैध रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा । यह ट्रैक्टर इसरत उर्फ सोनू का बताया जा रहा है , जोककि मैटेरियल सप्लाई का कार्य करता है और लंबे समय रेत के कारोबार से जुड़ा हुआ है । इसी तरह शिवपुरी पुलिस ने एक अन्य ट्रैक्टर चोरी की रेत ले जाते हुए पकड़ा यह ट्रैक्टर किसी पवार का बताया जा रहा है । दोनों ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

## अभिभावक संघ ने की केंद्रीय विद्यालय की सराहना

**छिंदवाड़ा।** आज दिखावे के स्कूलों में अभिभावक जहां एक और प्रतिवर्ष बदलते कोर्स और पुस्तक और फीस में उलझते जा रहे हैं वहीं केंद्रीय विद्यालय द्वारा सीनियर छात्रों की बुक जूनियर छात्रों को निशुल्क प्रदान करने का कार्य विद्यालय द्वारा कर रहे हैं। अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने केंद्रीय विद्यालय के इस पुस्तक उपहार योजना की सराहना की है और जिले के समस्त विद्यालयों से भी निवेदन किया है कि वे भी अपने विद्यालय में यह परोपकार की योजना चलाकर छात्र हित में कार्य करें। अभिभावक संघ उनका हर कदम में साथ देगा। जो अनावश्यक कमीशन के लालच में नियम विरुद्ध कोर्स बदलने का कार्य कर रहे है उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को शिकायत दर्ज कराएंगे।

## महिला कर्मियों एवं दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित होने वाले मतदान बूथ बनाये जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश में 3500 मतदान केन्द्रों पर महिला मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। इन मतदान केन्द्रों पर तैनात पूरा मतदान दल महिला अधिकारी/कर्मचारी का होगा। इसी प्रकार लगभग 250 मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। इन मतदान केन्द्रों पर मतदान दल दिव्यांग अधिकारी/कर्मचारी का ही होगा।

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के संचालन के लिये लगभग 5 लाख 20 हजार मतदान कर्मी, सेक्टर ऑफिसर, पुलिस कर्मी के रूप में अधिकारियों/कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी लगायी जा रही है। मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र में संबंधित बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे। उनके पास वर्णाक्रमानुसार मतदाता सूची भी होगी, जिससे कोई भी मतदाता मौके पर ही यह जान सके कि मतदाता सूची में इनका नाम किस नंबर पर है। श्री राजन ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रोसाइट https://elections24.eci.gov.in/ तैयार की गई है। इस पर लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**अवकाश के दिन जमा नहीं होंगे नाम निर्देशन पत्र**

**छिन्दवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च 2024 से प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिए नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट) के तहत अवकाश होने एवं 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने से इन दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे।

## आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान फील्ड में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जांच नाकों में तैनात स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और एसपी श्री मनीष खत्री द्वारा विभिन्न जांच नाकों का रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर और एसपी ने एसएसटी चेक पोस्ट उमरानाला नाका, छिंदवाड़ा-बैतूल बॉर्डर चेकपोस्ट और चेक पोस्ट सर्रा का औचक निरीक्षण किया। साथ ही थाना लावाघोघरी में लॉ एंड ऑर्डर के संबंध में पुलिस एवं कार्यपालिक दंडाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर और एसपी ने तहसील मोहखेड़ के ग्राम परासिया बैतूल के छिंदवाड़ा-बैतूल अंतरजिला बॉर्डर चेक पोस्ट पर निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग करवाई और जांच प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए निजी, कमर्शियल, सवारी वाहन सहित बसों, पिकअप आदि सभी वाहनों की और सख्ती से जांच करने एवं पंजी में वाहन नंबर के साथ ही सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने और वाहन चालक अथवा वाहन मालिक के हस्ताक्षर लेने के भी निर्देश दिए हैं।

### 34 जिलों में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर 34 जिलों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। इन जिलों में हुई प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया-लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, सीहोर, राजगढ़ एवं निवाड़ी जिले में 21 मार्च को ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। 18 जिलों में 22 मार्च को होगा प्रथम रेंडमाइजेशन-इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगौन, बड़वानी, धार, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर मालवा, पन्ना, गुना एवं शहडोल जिले में 22 मार्च को प्रथम चरण के ईवीएम रैंडमाइजेशन किया जायेगा।



## दिव्यांग बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति

**छिंदवाड़ा।** 21 मार्च के शुभ दिन छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व ने दिव्यांग बच्चों को समर्पित विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मना कर विविध रंगारंग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।इस अवसर छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विशेष समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया।जिसके मुख्य अतिथि के. एन. कटारे क्षेत्रीय अधिकारी मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने द्वारा की गई, जिनके साथ विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सर्वोत्तम सिंह ठाकुर भौतिक चिकित्सक एवं डॉ. नम्रता सूर्यवंशी क्लीनिकल सैइकोलोजिस्ट जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र एवं डॉ. दीपिका वर्मा फिजोथेरेपिस्ट, निशंक जैन सिंगोड़ी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शानदार कार्यक्रम के दौरान डाउन सिंड्रोम दिव्यांग बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम देकर सभी का मन मोह लिया।सभी दिव्यांग बच्चों सहित स्टाफ को मिष्ठान एवं फलों का वितरण भी किया गया। सभा का संचालन आधार फाउंडेशन के संस्थापक महेश किंथ एवं आभार प्रदर्शन संचालिका सरिता पांडे किंथ ने किया।सभा के अंत में आधार परिवार के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि श्री कटारे, विशेष अतिथि डॉक्टर सर्वोत्तम ठाकुर, डॉक्टर नम्रता सूर्यवंशी का प्रशस्ति पत्र सहित श्रीफल भेंट किया।

## चैकिंग में दुपहिया सहित धराये शराब तस्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो जायें इसके लिए आबकारी विभाग ने अवैध शराब के ख़िलाफ़ कार्यवाही का दायरा बढ़ा दिया है। इस तारतम्य में विभाग के छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले के अमले ने प्रभावी कार्यवाही की। सौंसर वृत्त के अमले ने एडीईओ जीएल मरावी के नेतृत्व में मेंहदी पठार निवासी आशीष कुसरे को दुपहिया से बारह लीटर शराब ढोते हुए गिरफ्तार किया। वहीं बड़गाबौंडी, कारली और गाज़नडोह के शराब अड्डों पर कार्यवाही कर 55 सौ किलो महुआ लाहन जप्त किया। इसी तरह छिन्दवाड़ा वृत्त क्रमांक एक में एडीईओ केसी चौहान के नेतृत्व में मलंग ढाबा, चाचा का ढाबा, तोशिका ढाबा, महाराष्ट्रीयन ढाबा,एमएच ढाबा में कार्यवाही की गई। इस दौरान बीस पाव देशी शराब और दो बोतल विदेशी शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। परासिया और चांदामेटा वृत्त प्रभारी जीत सिंह धुर्वे ने बेलगाँव निवासी मेहतू साहू और चांदामेटा निवासी संगीत यदुवंशी के कब्जे से बीस लीटर शराब जप्त कर मामला क़ायम किया। इन कार्यवाहियों के दौरान वृत्त में पदस्थ आबकारी कर्मी भी उपस्थित थे।

## कटंगी में लगा खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव मेला



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** भगवान कृष्ण के कलियुग के अवतार श्री खाटू श्याम बाबा का फाल्गुन उत्सव मेले का आयोजन कटंगी नगर के छतेरा रोड़ स्थित श्री खाटू श्याम झुमझुन धाम मंदिर में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया. इस मौके पर शहर के बड़ा राम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का आयोजन किया गया. निशान यात्रा को नगर में प्रमुख मार्ग का भ्रमण कराते हुए खाटू श्याम मंदिर में विराम दिया गया. मंदिर प्रबंधक संगीता खुशाल चंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी निशान यात्रा में शामिल हुए और मंदिर पहुंचकर श्री खाटू श्याम बाबा का दर्शन लाभ लिया. मंदिर में फागुन का त्यौहार मनाया गया जहां धर्म प्रेमियों ने भक्ति भाव से जमकर रंग-गुलाल और अबीर खेला. धर्म शास्त्रों के मुताबिक, खाटू श्याम का संबंध महाभारत काल से माना जाता है. खाटू बाबा पांडु के पुत्र भीम के पौत्र थे, जो कि बेहद शक्तिशाली थे. पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, जब पांडव अपनी जान बचाते हुए वन में भटक रहे थे, उस दौरान भीम की हिडिंबा से मुलाकात हुई. बाद में हिडिम्बा और भीम के पुत्र हुआ, जिसका नाम घटोत्कच था. इसके बाद में घटोत्कच का एक पुत्र हुआ, जिसका नाम उन्होंने बर्बरीक रखा. बाद में बर्बरीक को ही खाटू श्याम के नाम से जाना जाने लगा. महाभारत के युद्ध के दौरान बर्बरीक ने कमजोर पक्ष की तरफ से युद्ध लड़ने का फैसला किया. उनके इस फैसले पर भगवान श्रीकृष्ण ने सोचा कि अगर बर्बरीक ने कौरवों का साथ दिया, तो पांडवों निश्चित रूप की हार होगी. ऐसे में उन्होंने ब्राह्मण का रूप बदलकर बर्बरीक से उनका सिर दान में मांग लिया. बर्बरीक ने भी खुशी-खुशी ब्राह्मण रूप में भगवान श्रीकृष्ण को अपने सिर दान कर दिया. इसके बाद श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को वरदान दिया कि कलयुग में उनके नाम से बर्बरीक की पूजा की

## थाने में हुई शांति समिति की बैठक : आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



25 मार्च को होली, 30 मार्च को रंगपंचमी, 11 अप्रैल को ईद उल फितर, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, 17 अप्रैल को रामनवमी और हनुमान जयंती के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कटंगी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में शांति और सद्भावना के साथ ही इन सभी त्योहारों को आचार संहिता का पालन करते हुए मनाने की प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन से अपील की. बैठक में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, तहसीलदार छवि पंत, थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले बतौर प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी के रूप में मौजूद रहे. बैठक में विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, नगर के तमाम गणमान्य नागरिक और पत्रकारजन भी मौजूद रहे. एसडीएम ने कहा कि आने वाले त्योहारों में किसी भी प्रकार के जुलूस आदि निकालने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य रहेगी, क्योंकि आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को उसका पालन करते हुए त्योहारों को मनाना होगा। बैठक में एसडीओपी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू है. इसका पालन करते हुए होली एवं रमजान शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं. थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने कहा कि होली, रमजान में असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी. होलिका दहन बिजली के खंभों के नीचे ना किया जाए. चिन्हित स्थानों पर ही होलिका दहन हो. इसके अलावा हरे-भरे वृक्षों को ना काटा जाए. गौकाष्ट और कंडो का ही उपयोग करें. तहसीलदार छवि पंत ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लगी हुई है इसलिए लाउडस्पीकर और निर्धारण डेसिमल साउंड में ही डीजे बजाए जाएं. अभी निर्वाचन की आचार संहिता प्रभावशील है, इसलिए किसी भी आयोजन में यह ध्यान रखा जाए, कोई जुलूस सभा आदि की अनुमति लेना होगी. यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी धार्मिक आयोजन राजनीतिक कार्यक्रम ना हो।

## कॉलेज में विद्यार्थियों को दिलवाई गई शपथ



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने और अन्य मतदाताओं को इसके लिए प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को शहर की उच्च शैक्षणिक संस्था शासकीय राजा भोज महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस. रणदा के निर्देशन में स्वीप गतिविधि के तहत यह आयोजन करवाया गया. महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार शेण्डे और प्राध्यापक डॉ कुसुम लता उइके ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए. आम चुनाव के महत्व को बताया. मतदाता जागरूकता के लिए 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' की थीम पर यह आयोजन हुआ. विद्यार्थियों से कहा गया कि वह अपने-अपने गांव, अपने शहर, अपने परिवार, नाते-रिश्तेदार और सभी सदस्यों को अपना अमूल्य मत देने के लिए प्रेरित करें ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो।

## अखिल भारतीय गढ़वाल समाज की कार्यकारिणी की बैठक आज

**वारासिवनी।** अखिल भारतीय गढ़वाल समाज के राष्ट्रीय सचिव पीताम्बर नागेश्वर ने बताया कि अखिल भारतीय गढ़वाल समाज के चुनाव के बाद शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न होने के बाद प्रथम कार्यकारिणी की बैठक शनिवार 23 मार्च को बालाघाट के भटेरा में आस्था मंगल भवन में आयोजित की गई हैं। जिसमें अखिल भारतीय गढ़वाल समाज के पदाधिकारीगण, मंडलों के अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी के सदस्यगण ही उपस्थित रहेगे। उन्होंने बताया कि बैठक में समाज के विकास कार्यो पर चर्चा के साथ पदाधिकारियों के विचार आमंत्रित किए गए हैं। बैठक का शुभारंभ मॉ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण के साथ होगा। उसके बाद कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा, वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा कर प्रस्ताव एवं अनुमोदन किया जायेगा, समाज के भवन निर्माण पर चर्चा कर निर्माण समिति का गठन, प्रस्ताव एवं अनुमोदन किया जायेगा तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जायेगी। श्री नागेश्वर ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों, मंडल अध्यक्षों से उपस्थिति की अपील की हैं।

## आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर रहेगी पुलिस की नजरः मदन इवने

# होली पर्व को लेकर बहेला थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेला के थाना परिसर में 22 मार्च को होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी मदन इवने ने बैठक में कहा गया कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के ख़ुशी मानते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस की निगाहें रहेगी। असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। भड़काऊ पोस्ट करने वाले व्हाट्सएप ग्रुप से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि होली के दिन डीजे साउंड पर भोजपुरी अश्लील गाना बजाना सख्त मना है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बिगाडऩे वालों पर पुलिस अपनी तीसरी आखों के नजर रखेगी। असामाजिक तत्वों द्वारा अगर आपसी सौहार्द बिगाडऩे की कोशिश किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिसके बाद पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव अचार संहिता में किसी भी तरह के बैनर, पोस्टर, पार्टी संबंधित झंडा लगाना कानूनन अपराध है। उन्होंने होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मदन इवने सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सेन नाई समाज लांजी की आवश्यक बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सेन नाई समाज लांजी के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास एवं सचिव निरंजन सेन ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर बताया की आज 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से लांजी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास के निवास पर एक आवश्यक बैठक रखी गई है जिसका उद्देश्य रंग पंचमी होली मिलन समारोह के संबंध में चर्चा करना, केश शिल्पी



प्रकोष्ट लांजी सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति भानेगाव, रिसेवाडा, साडरा, बेलेगाव की नियुक्ति की जावेगी एवं काली मंदिर वार्ड नंबर 5 में सेन जयंती मनाने भूमि पूजन हेतु प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता आत्माराम चन्ने जिला उपाध्यक्ष सेन नाई समाज करेंगे। बैठक में 120 रुपए सालाना सदस्यता शुल्क सन 2023-24 की धनराशि 240 रुपए समाज में जमा करना अनिवार्य हैं तथा पुराने जिन सदस्यों का शुल्क जमा नहीं हुआ उन्हें भी शुल्क जमा करना अनिवार्य हैं तथा 3 बैठक मीटिंग में जो भी सदस्य उपस्थित नही होता हैं वह स्वयं समाज के नियमानुसार नियमो का पालन नहीं करने पर सेन नाई समाज से स्वयं निस्कासित माना जायेगा, पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने सेन नाई समाज के संरक्षक मंडल, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव समस्त पदाधिकारी ब्लॉक कार्यकारिणी की सदस्य एवं सेन नाई समाज के समस्त सदस्यों से आज बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति की अपील की है।

## जनपद व ग्रामों में महिलाओं ने मेंहदी लगाकर किया मतदान का संदेश

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व विषय पर हाथों में सजाई गई मेहंदी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता के लिए वारासिवनी जनपद सीईओ दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें गुरुवार को मतदाता जागरूकता हेतु चुनाव का पर्व, देश का गर्व विषय पर कई विभागों के अधिकारी/कर्मचारी महिलाओं द्वारा आकर्षक मेहंदी हाथों में बनाई गई।

स्वीप गतिविधि में आजीविका मिशन से रश्मि नागवंशी, खेल विभाग से ममता बिसेन एवं जनपद पंचायत वारासिवनी से सहायक नोडल स्वीप अनुपमा तिवारी, दिव्या गणवीर, लक्ष्मी ऐडे, अंशु बंसोड़, मेघा ऐवले, श्रद्धा सहारे, माधुरी पटेल, आकांक्षा नेवारे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा अपने गांव, अपने शहर, अपने परिवार के सभी सदस्यों को अपना अमूल्य मत देने की अपील करते हुए शपथ दिलाई गई। इस गतिविधि में शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी से कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस एवं ईएलसी प्रभारी, छात्र-छात्राओं के साथ सहभागी हुए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही आजीविका मिशन की दीदीयों का भी विशेष सहयोग रहा। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा शैलेन्द्र अडमे ने बताया कि जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत 60 ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों द्वारा मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें ग्राम की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर अपने हाथों में मेंहदी लगाकर मतदान की अनिवार्यता की आवश्यकता को बताते हुए मतदान करने की अपील की।




# डूंडासिवनी पुलिस ने नाला में कच्ची शराब बनाने के ठिकाने पर धावा बोलकर 1100 किलो महुआ लाहन नष्ट किया

**होली से पहले गांव-गांव में अवैध देशी कच्ची शराब परोसने बड़े पैमाने पर जिले के अलग-अलग नालों में भट्टी लगाकर महुआ लाहन से कच्ची शराब तैयार की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पर्व को देखते हुए आबकारी विभाग के साथ पुलिस और प्रशासन की टीमें सक्रियता से इस मामले की कार्रवाई करने में जुट गई है। डूंडासिवनी पुलिस ने शहर के करीब भुरकलखापा नाला में कच्ची शराब बनाने के अवैध ठिकाने पर धावा बोलकर मौके में करीब 1100 किलो महुआ लाहन नष्ट किया है। कार्रवाई में डूंडासिवनी थाना प्रभारी किशोर वामनकर सहित पुलिस बल शामिल रहा।

थाना प्रभारी वामनकर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा द्वारा अवैध शराब बिक्री, निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत सिवनी एसडीओपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में डूंडासिवनी पुलिस बल ने भुरकलखापा नाला में छापामार कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके पर कच्ची शराब के भट्टी को नष्ट कर जंगल व नाला के आसपास छिपाए गए महुआ लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया है। कार्रवाई की भनक लगते ही देशी शराब के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपित मौके से फरार हो गए। कार्रवाई में डूंडासिवनी थाना प्रभारी किशोर वामनकर, प्रधान आरक्षक शेखर बघेल, आरक्षक कृष्णा भालेकर, अरविंद हिवारे, अनुराग दुबे सहित पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पत्नी से बचकर पति मोबाइल पर भेजता था मैसेज, मामला पहुंचा परामर्श केंद्र

**पत्नी अपने पति की दीर्घायु व स्वस्थ रहने के लिए कहीं करवा चौथ व्रत रखती है तो कहीं वट सावित्री की पूजा करती है व अन्य पूजा पाठ करती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लेकिन वर्तमान समय में पति अपनी पत्नी को धोखा देने से बाज नहीं आते और मोबाइल से अपनी दूसरी सेटिंग बाहर वाली को अपनी धर्मपत्नी की आंखों से बचते बचाते मैसेज भेजना, बातचीत करना जारी रखते हैं। जिसके कारण परिवार में तलाक की स्थिति तक निर्मित हो रही है। ऐसा ही एक मामला कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा जहां पति-पत्नी और वो (सेटिंग) को बुलाया गया और तीनों को समझाइए दी जिस पर पति ने अपनी सेटिंग से आज के बाद से कभी भी मोबाइल में मैसेज नहीं भेजना व उसे किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखने की कसम खाई। तब जाकर मामला शांत हुआ परिवार टूटने से बचा है।

# निर्वाचन कार्य में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा विगत 20 मार्च को लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्र केवलारी अंतर्गत बनाए गए चैक पोस्ट ग्वारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थैतिक निगरानी दल प्रभारी श्री के.के.सोनवानी पंचायत समन्वय अधिकारी एवं सदस्य श्री प्रेमकुमार परतेती सहा.उ.निरी. थाना कान्हीवाड़ा के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा उक्त दोनो कर्मचारियों का एक- एक दिन का अवैतनिक करने के आदेश जारी किए हैं।

## निर्वाचन कार्यों के लिए नोडल नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देशमुख को एस.एस.टी/ एफ.एस.टी/ व्ही.एस.टी./व्ही.व्ही.टी. का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त कार्य के साथ-साथ ईडीसी/ ई.टी.पी.बी.एस हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी श्रीमती पूर्वी तिवारी डिप्टी कलेक्टर सिवनी के सहयोग हेतु सुश्री देशमुख को आदेशित किया गया है।

## काली मंदिर में चैत्र नवरात्रि बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री अनंत विभूषित माता महाकाली मंदिर भैरोगंज में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन 23 मार्च दिन शनिवार को रात्रि 7.30 से आयोजित की गई है, बैठक में नवरात्रि पर्व को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा I मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुजनों से बैठक में शामिल हो कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु अपने अपने सुझाव देने का आग्रह किया है ।

# पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने किया पेंच भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की इको-क्लब इकाई ने ऐप्को द्वारा संचालित पर्यावरण शैक्षणिक भ्रमण हेतु पेंच नेशनल पार्क गए उक्त कार्यक्रम प्रचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. पूनम अहिरवार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की स्नातकोत्तर कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओ को पेंच नेशनल पार्क भ्रमण हेतु ले जाया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्य जीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं जीव जंतुओं को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर प्रदान करना रहा एवं पर्यावरण संरक्षण संरक्षण के महत्व को समझता रहा। पेच नेशनल पार्क भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के फॉरेस्ट रेंजर राहुल उपाध्याय द्वारा छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम पेश नेशनल पार्क की भौगोलिक स्थिति उसका इतिहास इसके अंतर्गत आने वाले कोर जोन, बफर जोन की भौगोलिक स्थिति, जीव जंतु एवं पेड़ पौधों की विभिन्न प्रजातियां की संख्या एवं उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों से संबंधित जानकारियां छात्र-छात्राओं के साथ साझा की गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को वन विभाग द्वारा सफारी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिससे छात्र-छात्राओं ने वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में करीब से देखने और उनके व्यवहार और क्रियाकलापों के बारे में करीब से जानने का अवसर मिला। इसके अलावा वहां पाई जाने वाली वनस्पतियों की बहुत सी प्रजातियां को छात्र-छात्राओं ने सफारी के दौरान देखा और समझा इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चीतल, सांभर, नीलगाय, हाथी, तेंदुआ, मोर, वायसन और आप्रवासी पक्षियों की बहुत सी प्रजातियां को करीब से देखा और उनकी फोटोग्राफी भी की सफारी के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला इस अवसर पर सहायक के रूप में महाविद्यालय से प्रो. सोनी भम्मरकर, प्राणी शास्त्र विभाग से डॉ टी.पी. सागर डॉ. संदीप कुमार शुक्ला, श्रीमती मनीषा सोनेकर, धनेंद्र गुर्देकर उपस्थित रहे।

# विश्व वानिकी दिवस वन विद्यालय लखनादौन में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

लखनादौन राजीव गांधी, सहभागी वानिकी, प्रशिक्षण संस्थान, वन विद्यालय लखनादौन में श्री एस. एस. उद्दे मुख्य वनसंरक्षक सिवनी वृत्त सिवनी के निर्देशन में विश्व वानिकी दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें बनमण्डलाधिकारी उत्तर/दक्षिण सिवनी वनमण्डल एवं उपवनमण्डल अधिकारी, लखनादौन / छपारा एवं वनमण्डल के परिक्षेत्र अधिकारियो सहित लखनादौन वन अमला एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। विश्व वानिकी दिवस का उद्देश्य है कि विश्व के सभी देश अपनी वन-सम्पदा की तरफ ध्यान दें और वनों को संरक्षण प्रदान करें। भारत में भी वन-सम्पदा पर्याप्त रूप से है। भारत में 657.6 लाख हेक्टेयर भूमि (22.7 प्रतिशत) पर वन पाए जाते हैं। वर्तमान समय में भारत 19.39 प्रतिशत भूमि पर वनों का विस्तार है और मध्यप्रदेश राज्य में सबसे ज्यादा वन सम्पदा है। वन भूमि पर उद्योग-धंधों तथा मकानों का निर्माण, वनों को खेती के काम में लाना और लकड़ियों की बढ़ती माँग के कारण वनों की अवैध कटाई आदि वनों के नष्ट होने के प्रमुख कारण है। इसलिए अब समय आ गया है कि देश की 'वन सम्पदा' को बचाए और इनका संरक्षण करें। हमें वृक्षारोपण (पेड़-पौधे लगाना) को बढ़ावा देना चाहिए। विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित।

## मतदाता जागरूकता हेतु साईकिल रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव का पर्व देश पर गर्वश्मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज दिनांक 22/03/2024 को महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रविशंकर नाग सर ,नोडल अधिकारी डॉ जे. व्ही. नावकर, डॉ.सतेंद्र शेंडे सर सहित डॉ.दिनेश कुमार वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी केसी राऊर,प्रो गणेश मंतारे ,डॉ पूनम अहिरवार , उमाशंकर वर्मा, रविन्द्र यादव और छात्र - छात्राओं के भारी उत्साह के साथ महाविद्यालय परिसर से भैरोगंज तक मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम लोकसभा चुनाव में निर्भीक व निष्पक्ष मतदान जागरूकता के संबध में नारे लगाते हुए साईकिल रैली निकाली गई व मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में एक समग्र प्रयास किया गया।

# विश्व जल दिवस मनाया गया

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय की हरित कोर इकाई द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन में आज विश्व जल दिवस मनाया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रभारी डॉ. रुचिका यदु ने जल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पृथ्वी का केवल 2.5 प्रतिशत जल ही ताजा जल के रूप में वर्गीकृत है। 2019 नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में जल संकट एक बड़ा मुद्दा है। वैश्विक आबादी के 17 प्रतिशत को समायोजित करने के बावजूद, भारत के पास ग्रह के मीठे पानी के संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत है। हर 22 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व जल दिवस ताजे पानी की महत्ता को रेखांकित करता है। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का विषय ३शांति के लिए जल३ है। ताजे पानी की कमी अक्सर व्यक्तियों, समुदायों और यहां तक कि राष्ट्रों के बीच संघर्ष को जन्म देती है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुसार, चौंकाने वाली बात यह है कि 153 देशों में से केवल 24 ने ही जल-बंटवारे समझौते स्थापित किए हैं। संभावित संघर्षों को कम करने और सीमाओं के पार बुनियादी जल आवश्यकताओं तक पहुंच की गारंटी के लिए जल संरक्षण अत्यावश्यक है।

# केवलारी विधायक रजनीश हरवंश ने ओला प्रभावित ग्रामों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शुक्रवार को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ओला प्रभावित ग्रामो का दौरा किया।दौरा कार्यक्रम कार्यक्रम में केवलारी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम खैरी, ग्वारी, भुरकुंडी, सिंघोडी, चंदेनी का दौरा किया। व दौरा कार्यक्रम में किसानों के साथ साथ खेत पहुंचकर बारिश और बर्फबारी से किसानों की क्षति ग्रस्त फसलों का जायजा लिया व पीड़ित किसानों को ढांढस बंधाया। व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति हेतु सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया व संबंधितो को आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपील की। दौरा कार्यक्रम में साथ ही जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी गण, वरिष्ठ कांग्रेस जन,युथ कांग्रेस,एन;एस;यू;आई आई,टी,सेल, युवा बिग्रेड मंडलम,सेक्टर,बूथ कांग्रेस पदाधिकारी गण, समेत समस्त जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी मौके पर मौजुद रहे।

## व्याख्यान का आयोजन किया गया

शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग में पी सी एम ऑर्गेनिक नर्सरी से एम ओ यू के अंतर्गत प्रथम व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें श्री अंकित मालू जी संस्था प्रमुख के द्वारा छात्राओं को प्राकृतिक खेती के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें उन्होंने बताया वर्तमान खानपान पर्यावरण हनन के साथ-साथ मानवीय हनन को भी बढ़ावा दे रहा है आज मनुष्य विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहा है जिसका प्रमुख कारण उनका वर्तमान खान-पान एवं परिवेश है क्योंकि पुरानी कहावत भी है जैसा खाए अन्न वैसा हो मन अतः उन्होंने बताया कि आज आवश्यकता जैविक खेती को बढ़ावा देने की है जो मानवीय शरीर को पुष्ट रखते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता भट्ट ने किया।

# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में सतत मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को मतदान दिवस आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत धनौरा में मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को तिलक लगाकर मतदान करने के लिए संकल्प पत्र दिया गया। इसी तरह कुरई में राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, बीआरसी कार्यालय एवं कुरई महाविद्यालय के ईएलसी क्लब राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ३चुनाव का पर्व देश का गर्व३ ३मेरा पहला वोट देश के लियें३ थीम पर मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की अपील की गई। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं एवं मतदाता जागरूकता दल द्वारा मतदाता पाती लेकर मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु नेत्र शिविर 21को रजवाड़ा में संपन्न हुआ जिसमें 28 मरीजो को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया है।

ज्ञात हो कि देवाजी नेत्रालय जबपुर द्वारा सिवनी में सक्षम संस्था के माध्यम से लुघरवाडा स्थित रजवाड़ा लान में प्रत्येक माह की 21 को नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमे अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जाकर आवश्यकता अनुसार मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु मरीजो को जबपुर ले जाया जाता है, जहाँ मरीज के मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन कर पुनः सिवनी छोड़ा जाता है।

सक्षम संस्था के जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि बीते 07 वर्षो से यह सेवा कार्य सक्षम संस्था कर रही है जिसमे अभी तक 3560 मरीजो का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन हो चुका है इसी तरह बीते दिन इस शिविर का आयोजन हमेशा की तरह किया गया था जिसमे मरीजो के स्वस्थ तथा नेत्र परीक्षण के उपरांत 28 मरीजो को मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें ऑपरेशन के लिए देवाजी नेत्रालय के वाहन द्वारा जबलपुर लेजाया गया है जहाँ मरीज के मोतियाबिंद का पूर्ण इलाज कर वापस उन्हें वाहन द्वारा ही सिवनी छोड़ा जावेगा। रजवाड़ा के मंटू अग्रवाल ने बताया कि इस तरह माह में प्रत्येक 21 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन रजवाड़ा में ही किया जावेगा जिसमे नेत्रों से संबंधित बीमारियों का परीक्षण योग्य चिकित्सको द्वारा किया जावेगा जिसमे नेत्र रोग से पीड़ति मरीज अपने इलाज हेतु आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड की फोटोकॉपी लेकर परीक्षण के लिए पहुँच सकते है।

# डाक मत पत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में डाक मत पत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र कार्यों का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। इस अवसर पर डाक मत पत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के नोडल अधिकारी, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा डाक मत पत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने एवं प्रक्रिया के माध्यम से मतदान करने की विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने अवगत कराया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में संलग्न सभी शासकीय सेवक, परिवहन एवं अन्य कार्यों में संलग्न व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे इस हेतु ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान करने संबंधी प्रबंध किये किये जाए।



उन्होंने शासकीय सेवक के अतिरिक्त निर्वाचन कार्यों में लगे व्यक्तियों के लिए शतप्रतिशत मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाक मतपत्र प्रभारी श्रीमती पूर्वी तिवारी, सहायक नोडल सुश्री रेखा देशमुख, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## कामगारों का मतदान दिवस पर रहेगा संवैतनिक अवकाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान प्रथम चरण मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024, द्वितीय चरण 26 अप्रैल, तृतीय चरण 07 मई एवं 13 मई 2024 को राज्य में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारभार/ व्यवसाय में नियोजित कार्यरत प्रत्येक कामगार का मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश रहेगा।

जांच दल द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए नमूने

# 7 खाद्य कारोबारकर्ता पर 3 लाख 35 हजार रूपये का अर्थ दंड अधिरोपित



**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल द्वारा सम्पूर्ण जिले में सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में 21 एवं 22 मार्च 2024 को चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से छपारा स्थित मां वैशाली राजपुरोहित से नारियल पेड़ा, राधेश्याम किराना स्टोर छपारा से महोत्सव रिफाइन सोयाबीन तेल पैकेट, सिवनी शहर स्थित जैन बताशा भंडार भैरोगंज से बताशा, वैशाली राजपुरोहित कचहरी चौक से नमकीन-सेव, उत्तम स्वीट्स से मगज का लड्डू सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए तथा उक्त सभी प्रतिष्ठानों को सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए एवं न्यायालय अपर कलेक्टर कार्यालय द्वारा अमानक खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले 7 खाद्य कारोबारकर्ता पर 3 लाख 35 हजार रूपये का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया।

# विश्व वानिकी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी की हरित कोर इकाई इको क्लब द्वारा विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। डॉ रुचिका यदु ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वन हमारे दैनिक जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम जो किताब पढ़ते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं, उस घर तक, जिसे हम बनाते हैं; वन हम सबके जीवन में एक अपूरणीय भूमिका निभाते हैं। वे मिट्टी को बांधते हैं, वे पानी बनाए रखने में मदद करते हैं, वे दुनिया के समग्र पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हमें जीवित रहने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन देते हैं। वन औषधीय पौधों का भी सबसे बड़ा स्रोत हैं जो कई बीमारियों का इलाज कर सकते हैं। संक्षेप में, हम दुनिया में पेड़ों और जंगलों के बिना नहीं रह सकते हैं। हालांकि, समय, औद्योगीकरण और अधिक जनसंख्या के साथ, हमने अपने फायदे के लिए बिना सोचे-समझे पेड़ों को काट दिया है और वनों की कटाई की है। इसने ग्लोबल वार्मिंग और संसाधनों की कमी में योगदान दिया है। यह समझने का समय आ गया है कि हमारे पास जाने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है, और हमें उस ग्रह की देखभाल करनी चाहिए जिसे हम घर कहते हैं। इस वर्ष का विश्व वानिकी दिवस का विषय है - वन और नवाचारः एक बेहतर दुनिया के लिए नए समाधान। इस दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका हमारे चारों ओर पेड़ लगाना, हमारे ग्रह को बनाए रखने में वनों के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करना और उन तरीकों को समझना है जिनसे हम वनीकरण को प्रोत्साहित कर सकते हैं। विश्व वानिकी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 1971 में, यूरोपीय कृषि परिसंघ की महासभा ने प्रस्ताव दिया कि हमें वनों को समर्पित एक दिन मनाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के रूप में चुना गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने वन संरक्षण एवं वन्य जीव संरक्षण का संदेश देते हुए दीवार पेंटिंग के माध्यम से आम जनों तक वनों के प्रति अपने उत्तरदायित्व का पालन करने हेतु आवाहन किया।

## खबर संक्षेप

### 26 मार्च का स्थानीय अवकाश निरस्त, अब 20 अगस्त कजलिया का होगा स्थानीय अवकाश

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार वर्ष 2024 में जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये थे। जिसमें संसोधन करते हुये 26 मार्च होली के दूसरे दिन का अवकाश निरस्त करते हुये 10 अगस्त 2024 कजलिया का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिले में 10 अगस्त कजलिया तथा 11 अक्टूबर दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश रहेगा।

### अब मेहंदी भी मतदाता जागरूकता में निभा रही है अपनी भूमिका



**बालाघाट।** लोकतंत्र के आंगन में महिलाओं ने हथेली में मेहंदी रचाकर उंगली से बटन दबाकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से हर एक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुँचने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी गतिविधि में कटंगी जनपद पंचायत में आयोजन हुआ।

### अब 26 मार्च को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे



**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 24 के अंतर्गत शुक्रवार चौथें दिन एक अभ्यर्थी ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को अपना न निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम निर्देशन पत्र बरघाट के धनेन्द्र शरणागत ने निर्दलीय रूप में पर्चा भरा है। इसके अलावा नाम निर्देशन पत्र ले जाने वाले अभ्यर्थियों में भारतीय कांग्रेस पार्टी से श्री अरविंद देशमुख, दलसिंह पन्द्रे, रामकुमार नगपुरे, बहुजन समाजवादी पार्टी से श्री भारत सिंह शिवहरे, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजकुमार नागेश्वर, आरपीआई से श्री डोमन सिंह, आम आदमी पार्टी से गोरेलाल रहांगडाले, जनता दल से दिलीप चौधरी, भारतीय अम्युनिस्ट पार्टी से अशोक कुमार मसीह, क्रांतिकारी समाजवादी मंच से श्री सहेजलाल उपवंशी तथा निर्दलीय में महादेव नागदेवे, उमाशंकर मुंजारे, प्रदीप परांजपे, देवदत्त जोशी, श्याम मसराम, रामेश्वर बिसेन, राधेश्याम भोयर शामिल रहे।

### मामला बैहर थाना क्षेत्रांतर्गत तुमड़ीभाट का

# वन्य प्राणी के लिए बिछाई बिजली तार की चपेट में आई महिला, मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बैहर थाना क्षेत्र के तुमड़ीभाट में 22 मार्च की सुबह वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाए गए बिजली करेंट की चपेट में आने से 33 वर्षीय महिला पुषपाबाई पति नेमीचंद शरणागत की मौत हो गई।

घटना की जानकारी के बाद बैहर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा और पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

बैहर थाना प्रभारी रामकुमार रघुवंशी ने बताया कि तुमड़ीभाट में महिला की मौत की खबर मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद कर लिया है। महिला का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

प्रारंभिक रूप से महिला की मौत, वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाए गए बिजली तारों के करेंट की चपेट में आने से प्रतीत होता है।



### 36वीं बटालियन में 14 से 15 आवारा कुत्तों की गैंग, निरंतर हो रहे हैं आक्रामण

# वन विभाग की घोर लापरवाही से आवारा कुत्ते वन्य प्राणी चीतल का कर रहे शिकार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



दक्षिण वनमंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत रेंजर कॉलेज शंकर घाट, बजरंग घाट तथा झींगापालन क्षेत्र के आसपास फैले जंगल में दर्जनों वन्यप्राणी चीतल का समूह देखने में मिल रहा हैं। किन्तु वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते आवारा कुत्तो की गैंग वन्यप्राणी चीतल की दावत उड़ा रहें हैं। आयें दिन वन विभाग का डग्गा उपरोक्त क्षेत्र से चीतल के शव ढोने का का कार्य कर रहा हैं। 36वीं बटालियन के पीछे के क्षेत्र में दर्जनों आवारा कुत्तों की गैंग नजर आती हैं। झींगापालन वाले क्षेत्र में चरवाहे तथा अन्य ग्रामीण बताते हैं कि कुत्तों की गैंग वन्यप्राणी चीतल का आए दिन दावत उड़ातें हैं किन्तु वन विभाग इस मामले में कार्यवाही नहीं कर रही हैं। वनप्राणियों को सुरक्षा मुहैया कराने में विभाग असफल नजर आ रहा हैं। इस समय वन विभाग उपरोक्त क्षेत्रों से मृत चीतलों के शव को ढो रहे हैं। वनस्पति उद्यान से लगे हुए सागौन वन में भी चीतलों का समूह विचरण करते नजर आता हैं। ग्रामीणों का कहना हैं लंबे समय से आवारा कुत्तें इनका शिकार कर रहें हैं। दर्जनों बार ग्रामीणों ने वन्यप्राणी चीतल की जान बचाई हैं तथा विभाग को सूचना दी हैं। किन्तु वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं कर रहें हैं।

### पोस्टल बैलेट और ईडीसी की तैयारियों के सम्बंध में दिए निर्देश

# बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी ने संसदीय क्षेत्र के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्टर सभागृह में संसदीय क्षेत्र 15 बालाघाट-सिवनी के नोडल अधिकारियों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियो के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के सभी अधिकारी एक होकर कार्य सम्पादित करेंगे तो आसान होगा। पहले चरण में निर्वाचन होने के कारण समय ज्यादा नही है। इश्लिये आपसी समय सबसे आवश्यक है। शांतिपूर्ण व निष्पक्षतापूर्ण निर्वाचन के लिए एक दूसरे से समन्वय के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान करना आवश्यक है। आरओ डॉ. मिश्रा द्वारा पोस्टल बैलेट और ईडीसी जारी करने के सम्बंध में निर्देशित किया गया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग तथा अत्यावश्यक सेवाओ में संलग्न होने वाले अधिकारियों के मतदान सुविधा केंद्रों व चलित मतदान केंद्र पर करवाने के लिए कार्यवाही करना है।दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता से बीएलओ के माध्यम से पावती प्राप्त कर नोडल अधिकारी को 24 मार्च से सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही आरओ डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए है कि पोस्टल बैलेट सहित मतदान दल कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण के दौरान फॉर्म-12 भरा जा रहा है, इसकी जानकारी भी उसी दिन उपलब्ध कराएंगे। जो अधिकारी अन्य जिलों में पदस्थ है उन्हें साथ ही इस बात का विशेष ध्यान दे कि पिछले निर्वाचन में छोटी-मोटी जो गलतियां सामने आयी होगी, उन्हें दुरुस्त करने के लिए बार प्रशिक्षण में दूर करें। चलित मतदान के लिए रूट चार्ट पूर्व से ही निर्धारित कर ले। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ डीएस रणदा, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, बैहर एसडीएम श्री विवेक केवी,वारासिवनी एसडीएम राजीव रंजन पांडेय, बालाघाट श्री गोपाल सोनी, कटंगी एमआर धुर्वे, परसवाड़ा श्री केसी सिंहसार सहित सिवनी व बरघाट के अधिकारी मौजूद रहें।

### मतदाता जागरूकता अंतर्गत शासकीय आईटीआई में आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम

**बालाघाट।** मतदाता जागरूकता आयोजन के अंतर्गत जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से जागरूकता का संदेश देते हुये शपथ भी ली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट द्वारा जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में किया गया। श्री रणदा ने कहा की जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोग मतदान के महत्व के बारे में समझ रहे हैं और आवश्यक भी हो गया है कि आज प्रत्येक व्यक्ति मतदान के महत्व को समझे और जिले में 19 अप्रैल 2024 को हो रहे मतदान में शत प्रतिशत मतदान करें। कार्यक्रम में सभी को मतदान प्रणाली एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया गया।

### राजनितिक दलों व अभ्यर्थियों की ओर से आने वाले प्रेस नोट के प्रकाशन में सावधानी बरतें



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मीडिया अनुवीक्षण व मीडिया प्रमाणन के सम्बंध में प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर श्री खंडेलवाल ने कहा कि ऐसा कोई भी समाचार जो किसी एक पार्टी या अभ्यर्थी की प्रशंसा करते हुए उसको विजेता होने का दावा करता हो या किसी एक अभ्यर्थी को अधिक महत्व देते हुए समाचार प्रकाशित करते है। ऐसे समाचार प्रकाशन से बचने का अनुरोध किया। साथ ही आगे बताया कि कई बार निर्वाचन के दौरान कई राजनीतिक दल व अभ्यर्थी अपने प्रेसनोट जारी करते है। जाहिर है वे अपनी प्रशंसा करते है। ऐसे प्रेसनोट एक से अधिक समाचार पत्रों में हूबहू फ़ोटो और विशेषताओं के साथ प्रकाशित होते है। वे समाचार सूचना या जानकारी से अधिक प्रचार हो जाता है। ऐसी स्थिति में पेड न्यूज की श्रेणी में माना जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि केबल टेलीविजन, सोशल मीडिया, ई-पेपर, सिनेमा, निजी एफएम रेडियो चैनल, सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले दृश्य व श्रव्य माध्यम, बल्क एसएमएस, रिकॉर्डेड वॉइस मेसेज और इंटरनेट वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशन व प्रसारण के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणन प्रमाण पत्र लेने के बाद ही अग्रेषित करें।

# पैंगोलिन का शिकार करने वाले आरोपी को कारावास और अर्थदंड की सजा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**




माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय ने 07 साल पुराने एक मामले की सुनवाई करते हुए वन्य प्राणी पेंगोलिन का शिकार करने वाले आरोपी संजय पिता जयराम निवासी टेकाड़ी को 03 वर्ष के कारवास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 में वन परिक्षेत्र कटंगी और कान्हा गढ़ी की संयुक्त टीम ने कटंगी-तुमसर मुख्य सड़क मार्ग पर भालवा नाले के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पीली पॉलीथीन बैग के साथ पकड़ा था. इस बैग में वन्य जीव पैंगोलिन की 02 किलोग्राम स्केल्स (सीपी) पाई गई थी. वन विभाग की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की थी तब आरोपी ने बताया था कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसने अपने साथी अनिल पिता किशोर निवासी बालापुर के साथ मिलकर महादेव खोली के ऊपर सिवनी जिले के जंगल में दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन का शिकार किया था. पैंगोलिन के मांस तथा सीपी को लाकर घर में रखा था. तब वन विभाग ने आरोपी के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 2, 9, 39, 48 ए, 50, 51, 52 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना की कार्रवाई पूर्ण प्रकरण को न्यायालय में पेश किया था. प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों के आधार पर और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी को 03 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है.

### आवारा श्वानों ने हमला कर किया घायल, ग्रामीणों ने बचाई जान

# जंगल से भटक कर गांव के भीतर पहुंचा वन्य प्राणी चीतल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

इन दिनों क्षेत्र में धीरे-धीरे तेज गर्मी पड़नी शुरू हो गई है. जिसने इंसानों के साथ ही वन्य प्राणियों को भी परेशान करना शुरू कर हैं. खासकर पानी की कमी ने वन्य प्राणियों को परेशान रखा है. वन्य प्राणी भोजन और पानी की तलाश में आबादी वाले ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे हैं और कई तरह की परेशानियों में उलझ रहे है और कई बार शिकारियों का शिकार भी बन रहे है. ताजा मामला तिरोड़ी का है. जहां शुक्रवार को वन्य प्राणी चीतल जंगल से भटक कर गांव के भीतर माता मंदिर तक आ गया. गांव के भीतर पहुंचते ही वन्य प्राणी चीतल पर आवारा श्वानों ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया. हालांकि जब ग्रामीणों ने यह सब होते देखा तो जागरूकता का परिचय देते हुए आवारा श्वानों से



वन्य प्राणी को बचाया और वन विभाग को इसकी सूचना दी. सूचना मिलने पर वन कर्मचारी मौके पर पहुंचे और वन्य प्राणी को अपने कब्जे में लेकर उसका प्राथमिक उपचार करवाने के बाद उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया. जिससे वन्य प्राणी की जान बच गई।

गौरतलब हो कि वन परिक्षेत्र कटंगी में शाकाहार और मांसाहार दोनों ही प्रजाति के वन्य प्राणियों की भरमार है. लेकिन मिश्रित वन समाप्त होने और मनमाना सागौन के प्लांटेशन से शाकाहार वन्य प्राणियों पर भोजन का संकट मंडराने लगा है. जिस कारण शाकाहार वन्य प्राणी भोजन और पानी की तलाश में भटकते हुए अकसर गांव के नजदीक आ रहे है. जिससे इनके शिकार की घटनाओं में इजाफा देखने को मिल रहा है. बीते दिनों तिरोड़ी तहसील के ग्राम सुकली में वन्य प्राणी चीतल के शिकार की घटना इसका एक उदाहरण है. बताया जाता हे कि वन्य प्राणी चीतल भटककर गांव के भीतर आ गया था. जहां गांव के कुछ लोगों ने उसका शिकार कर लिया था. जिसकी भनक आज तक वन विभाग को नहीं लगी है. वन विभाग आज भी इस वारदात से अंजान है. मगर, गांव के कई लोग इस वारदात के साक्षी है किन्तु उन्होंने भी वन विभाग को इसकी सूचना नहीं दी. वन विभाग के द्वारा वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण के दावे तो खूब किये जाते हैं परंतु हर साल गर्मी के दिनों में भोजन और पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में घुस जाने से भटकते वन्य प्राणी कुत्तों के हमले से अपने प्राण त्याग देते हैं या फिर शिकारियों के द्वारा शिकार कर लिये जाते हैं. यह भी एक कड़वा सच है।

### गांव-गांव प्रभात फेरी निकालकर दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिपं बालाघाट श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियॉ क्रियान्वित की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जंप वारासिवनी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन के निर्देशन में स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड वारासिवनी के ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर पर किया गया। जिसमें महिला, पुरुष, वृद्ध, दिव्यांग, युवा सभी मतदाता को लोकसभा चुनाव 2024 में अपना मत के अधिकार का उपयोग करने के लिये जागरूक किया गया। वहीं ग्राम झाड़गाँव के साथ-साथ अन्य सभी ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आजीविका मिशन स्व-सहायता समूह की दीदीयो द्वारा स्वीप गतिविधि अंतर्गत प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने की दी चेतावनी, किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# मोदी की गारंटी हुई फेल, भाजपा ने नहीं दिया 3100 व 2700 रुपये समर्थन मूल्य

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**



मध्यप्रदेश में मोदी की गारंटी फेल हो गई हैं, 4 माह बाद भी किसानों से किया वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया हैं, जिसके कारण वारासिवनी क्षेत्र के किसान आक्रोशित हैं। इन किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एसडीएम वारासिवनी को एक ज्ञापन सौपते हुए गारंटी पूरी नहीं करने पर लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की दी चेतावनी हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भूतपूर्व सरपंच नांदगॉव घनश्याम सहारे, भूतपूर्व सरपंच रमरमा आशाराम कावरे, लक्ष्मण पारधी, तेजनंद जैतवार, धनेन्द्र बिसेन, गुलाब रहांगडाले, विनीत बिसेन, महिपाल शरणागत, मौसम जैतवार, रमेश बिसेन, संतोष बिसेन, विजेन्द्र ठाकरे, रवि नदरधरे, कृष्णा पटले, युगल पटले, भूपेन्द्र सोनवाने, झनकलाल कावरे, चैनसिंह जैतवार, दसरू कावरे, विक्रांत बिसेन, भोजराज नागेश्वर, प्रफुल्ल बिसेन, डुलीचंद बोपचे, छोटू झीरसागर, मीर हामिद अली एवं येदेश राणा सहित बड़ी संख्या मे किसान गण मौजूद रहे ।

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि अगर भाजपा की सरकार बनती हैं, तो किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 सौ रूपये एवं गेहू का 2700 सौ रूपये प्रति क्विंटल दिया जायेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान भी किसानों को मोदी की गारंटी के नाम से भाजपा के घोषणा पत्र को पूरा करने का वादा किया था। जिसके कारण प्रदेश में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज कर प्रचण्ड बहुमत से सरकार बना ली।

भाजपा की सरकार बनते ही किसानों को उम्मीद थी कि अब उन्हें उनकी फसल का उचित दाम धान का 3100 सौ रुपये एवं गेहूं का 2700 सौ रूपये मिलेगा। किन्तु भाजपा सरकार को बने हुए 4 माह होने के बावजूद भी प्रदेश के किसानों की धान व गेहूँ भाजपा सरकार द्वारा पुरानी दर पर ही खरीदा जा रहा हैं और उसका भुगतान भी पुराने समर्थन मूल्य पर किया गया हैं। जबकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान एवं गेहूँ के समर्थन मूल्य की अंतर की राशि प्रदान की जा चुकी हैं। जबकि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार होते हुए भी उन्हें अंतर की राशि प्राप्त नहीं हो पा रही हैं।

किसानों द्वारा सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्दारा धान का समर्थन मूल्य रु 3100/- प्रति क्विंटल से खरीदने की गांरटी दी गई थी, किंतु कृषकों को 2183 रुपये की दर से भुगतान किया गया है। जिसमें अंतर की राशि रु. 917/- का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। रबी फसल गेहूं का समर्थन मूल्य सरकार बनने के बाद रु. 2700/ घोषित किया गया था। किन्तु गेहूं खरीदी का पंजीयन 2275/- रुपये प्रति क्विंटल से किया जा रहा हैं, जो आपके द्वारा दी गई गांरटी की सीधी वादा खिलाफी हैं। जबकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने वादा निभाते हुए किसानों को अंतर की राशि प्रदान कर दी हैं। किंतु मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कृषकों के साथ भेदभाव, धोखा, अन्याय और वादा खिलाफी कर रही हैं। यदि कृषकों को तत्काल अन्तर की राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो कृषकगण आगामी लोक सभा चुनाव का बहिष्कार करने हेतु मजबूर / बाध्य हो जाएंगे।

#### ग्यारंटी के नाम पर मोदी जी ने किसानों के साथ छल किया - लक्ष्मण पारधी

ग्राम सिर्रा के किसान लक्ष्मण सिंह पारधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव में धान 3100 रूपये के समर्थन मूल्य में खरीदी जाने की ग्यारंटी दी थी। लेकिन मध्यप्रदेश में किसानों से 2183 रुपये में धान की खरीदी की जा रही हैं। यह हमारे साथ सीधा छल और भेदभाव किया जा रहा हैं, मोदी जी पुनः ग्यारंटी लेकर आ गये है, पहले की ग्यारंटी पूरी नहीं हुई, तो हम नई ग्यारंटी में कैसा भरोसा कर ले?

# जाम में मनाया गया रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जाम के बाजार चौक में वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल में 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम लोधी समाज के वरिष्ठजन व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जीवन गाथाओं को याद किया।चर्चा में भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश लिल्हारे ने बताया कि वीरांगना अवंतीबाई का व्यक्तिगत जीवन जितना पवित्र, संघर्षशील तथा निष्कलंक था, उनकी मृत्यु (बलिदान) भी उतनी ही वीरोचित थी, धन्य है वह वीरांगना जिसने एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर 1857 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में 20 मार्च 1858 को अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसी वीरांगना का देश की सभी नारियों और पुरुषों को अनुकरण करना चाहिए और उनसे सीख लेकर नारियों को विपरीत परिस्थितियों में जज्बे के साथ खड़ा रहना चाहिए और जरूरत पड़े तो अपनी आत्मरक्षा अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिएगोंडवाने की रानी दुर्गावती और झाँसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के चरण चिन्हों का अनुकरण करते हुए रामगढ़ (जनपद मंडला मध्य प्रदेश) की रानी वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी ने सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो से खुलकर लोहावीरांगना का रूप भी धारण करना चाहिए। देवराज ठकरेले ने बताया कि भारत में पुरुषों के साथ आर्य ललनाओं ने भी देश, राज्य और धर्म,संस्कृति की रक्षा पर अपने प्राणों की के लिए आवश्यकता पड़ने बाजी लगाई है।लिया था और अंत में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी थी। श्री ठकरेले ने बताया कि वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मनकेहणी के जमींदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था। 20 मार्च 1858 को इस वीरांगना ने रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए युद्ध लड़ते हुए देश के लिए बलिदान दे दिया ऐसे महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर समाज व देश हित में काम करना चाहिए सभी को एकजुट होकर। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जाम सरपंच सुरेंद्र बलोने, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश लिल्हारे, सत्येंद्र दमाहे , देवराज ठकरेले, लालचंद नगपुरे, हितेंद्र दमाहे, राजीव लिल्हारे, दुलीचंद नगपुरे, महेश बलोने अध्यक्ष लोधी समाज जाम, उम्मेद नगपुरे सचिव लोधी समाज जाम, कोल्हुराम लिल्हारे,लाखन मुंजारे,पितम मुंजारे, मनोहर धामडे, अंजीलाल नगपुरे, संतोष लिल्हारे,धर्म नगपुरे, मोहनलाल दमाहे,कारे सर, संतोष नगपुरे, गणेश दमाहे, दिनेश चौधरी अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।